an>

Title: Need to take steps to solve the problem of drinking water in Haryana.

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) : माननीय अध्यक्ष महोदया, आज मेरे संसदीय क्षेत्र हिसार में दो-ढाई महीने से हजारों किसान धरने पर बैठे हैं। उनके साथ लगभग 40 गाँवों के ग्रामवासी भी धरने पर बैठे हैं। उनकी समस्या यही है कि जिस तरीके से हरियाणा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में निरंतर 660 क्यूसेक पानी दिल्ली को दिया और अभी पिछले दिनों माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय का एक दिशा-निर्देश आया, उसके तहत लगभग 300 क्यूसेक से अधिक पानी और दिल्ली के द्वारका क्षेत्र के लिए देना पड़ेगा। वर्तमान में 40 गाँवों में पीने के पानी की किल्लत है। आज 500-1000 रुपए में लोगों को पीने के पानी का टैंकर खरीदना पड़ रहा है। मैं सरकार से मांग करूँगा कि वहाँ पर जिला प्रशासन को आदेश दें कि उन किसानों से बातचीत की जाए। इसके साथ ही मैं जल संसाधन मंत्री जी से अपील करूँगा कि उन किसानों के लिए पीने के पानी की समस्या को हल करें।